प्रेस विज्ञप्ति
यातायात प्रबंध
श्री खेतेश्वर जयन्ति महोत्सव शोभायात्रा के दौरान

दिनांक:–21.04.2024

इस वर्ष पुज्य गुरूदेव श्री खेतारामजी महाराज की जयन्ती के अवसर पर दिनांक 22.04.2024 को विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। शोभायात्रा दिनांक 22.04.2024 को प्रातः 10.00 बजे श्री खेतेश्वर मार्ग 12वी रोड़ (रावण का चबुतरा) से प्रारम्भ होकर पांचवी रोड़, शनिश्चरजी का थान, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड़, केसी लोन, सत्संग भवन, सरदारपुरा सी रोड़, सरदारपुरा डी रोड़ होते हुए सरदारपुरा डी रोड़ स्थित राजपुरोहित छात्रावास के पास पहुॅच कर समाप्त होगी। उक्त शोभायात्रा में बैण्ड, घोडे, हाथी, नगारे, राजस्थानी गैर दल व लगभग 100 से अधिक झांकिया मय ट्रैक्टर–ट्राली, अन्य वाहन व बड़ी संख्या में राजपुरोहित समाज के स्त्री पुरूष शामिल होंगे। इस शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. शोभायात्रा 12वीं रोड़ से दल्ले खां की चक्की के बीच तैयार होकर रवाना होगी। अतः दल्ले खां की चक्की से 12वीं रोड़ की तरफ आने वाला यातायात बन्द रहेगा। दल्ले खॉ की चक्की से महावीर सर्किल, मेडिकल कॉलेज की तरफ यातायात चालू रहेगा।
2. शोभायात्रा शुरू होकर 12वीं रोड़ क्रॉस करने व 5वीं रोड़ चौराहा पहुंचने पर सभी प्रकार के वाहनों को बोम्बे मोटर से 12वीं रोड़ जलजोग चौराहा की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा।
3. शोभायात्रा 5वीं रोड़ क्रॉस करने पर सभी प्रकार के वाहनों को सरदारपुरा की तरफ डाईवर्ट किया जायेगा।
4. शोभायात्रा के जालोरीगेट पंहुचने पर ओलम्पिक तिराहा, आरआर तिराहा व बालवाड़ी से जालोरीगेट तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा
5. इनका वैकल्पिक रूट पावटा चौराहा से नई सड़क चौराहा, पुरी तिराहा, ओलम्पिक तिराहा, न्यू डीआरएम खतरनाक पुलिया, रोटरी चौराहा की तरफ रहेगा।

आमजन से अपील की जाती हैं कि वह किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

(दुर्गाराम चौधरी)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात आयुक्तालय जोधपुर